UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

# दैनिक यंग भारत


निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-172 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 04 जून 2026 youngbharatE-paper.com




# यूपी में बड़ा सियासी फेरबदल, कई जिलों के प्रभारी मंत्रियों को बदला गया; जानिये कौन हटा, किसको मिली जिम्मेदारी

3




( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रशासनिक और राजनीतिक संतुलन को मजबूत करने के लिए मंत्रियों के प्रभार वाले जनपदों की सूची में बड़ा बदलाव किया है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल हुए नए मंत्रियों को महत्वपूर्ण जिलों की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं कई वरिष्ठ मंत्रियों के प्रभार भी बदले गए हैं। इसे 2027 विधानसभा चुनाव से पहले एक अहम रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इस बदलाव के जरिए सरकार और संगठन दोनों स्तर पर जमीनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। इस नई सूची में सबसे महत्वपूर्ण बदलावों में भूपेंद्र चौधरी को आगरा और कासगंज की दोहरी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं हाल ही में कैबिनेट का हिस्सा बने मनोज पांडे को सीतापुर का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है

इसके अलावा अन्य नए प्रभार इस प्रकार हैं–



अजीत पाल को फतेहपुर, समेन्द्र तोमर को मुजफ्फरनगर, सुरेंद्र दिलेर को बुलंदशहर और हंसराज विश्वकर्मा को सोनभद्र का प्रभारी बनाया गया है।

**कैबिनेट मंत्रियों में किसके पास कौन सा जिला**

सुरेश कुमार खन्ना– वाराणसी और लखनऊ,सूर्य प्रताप शाही– अयोध्या और बस्ती, स्वतंत्र देव सिंह– प्रयागराज और गोरखपुरबेबी रानी मौर्य– इटावा और , हाथरस, लक्ष्मी नारायण चौधरी– अलीगढ़ और फिरोजाबाद, जयवीर सिंह– झाँसी और फर्रुखाबाद, धर्मपाल सिंह– गाज़ियाबाद और रामपुर, नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी ' – मिर्जापुर और चित्रकूट, अनिल राजभर– आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर, राकेश सचान– रायबरेली और कन्नौज, अरविन्द कुमार शर्मा– जौनपुर और भदोही, योगेन्द्र उपाध्याय– कानपुर नगर, आशीष पटेल– गोंडा, संजय निषाद– कानपुर देहात, ओम प्रकाश राजभर– अम्बेडकरनगर, दारा सिंह चौहान– कुशीनगर और श्रावस्ती, सुनील कुमार शर्मा– सहारनपुर, अनिल कुमार– मुरादाबाद, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की सूची, नितिन अग्रवाल– लखीमपुर खीरी, कपिल देव अग्रवाल– बिजनौर, रवीन्द्र जायसवाल– गाजीपुर, सन्दीप सिंह– मथुरा, गुलाब देवी– अमरोहा, गिरीश चन्द्र यादव– सुल्तानपुर, धर्मवीर प्रजापति– मैनपुरी, असीम अरूण– हरदोई और मेरठ, जे.पी.एस. राठौर– संभल और बरेली, दयाशंकर सिंह– देवरिया और द्व मऊ

नरेन्द्र कुमार कश्यप– शाहजहांपुर, दिनेश प्रताप सिंह– बाँदा और बहराइच, अरून कुमार सक्सेना– बदायूं, दयाशंकर मिश्र 'दयालु '– बलिया और महराजगंज, राज्यमंत्री सूची–मयंकेश्वर शरण सिंह–प्रतापगढ़, दिनेश खटीक– शामली, संजीव गोंड– चंदौली, बलदेव सिंह ओलख– पीलीभीत, जसवन्त सिंह सैनी–बागपत, रामकेश निषाद– हमीरपुर, मनोहर लाल मन्नू कोरी– महोबा, संजय सिंह गंगवार– जालौन, बृजेश सिंह–गौतमबुद्धनगर, के.पी. मलिक– हापुड़

सुरेश राही– बाराबंकी, प्रतिभा शुक्ला–अमेठी, राकेश राठौर गुरू– औरैया, रजनी तिवारी– उन्नाव, सतीश चन्द्र शर्मा–बलरामपुर, दानिश आजाद अंसारी–ललितपुर, विजय लक्ष्मी गौतम–संतकबीरनगर, कृष्णा पासवान–कौशाम्बी, कैलाश सिंह राजपूत– एटा, 2027 चुनाव से पहले रणनीतिक तैयारी, राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार ने कई जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए यह नई सूची तैयार की है। इससे न केवल प्रशासनिक कामकाज को गति मिलेगी बल्कि जिलों में राजनीतिक निगरानी भी और मजबूत होगी। इस बदलाव को भाजपा संगठन और सरकार की संयुक्त चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें हर जिले में प्रभावी नेतृत्व को जिम्मेदारी देकर जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने की कोशिश की जा रही है।

# बाहुबलियों को कैसे मिले शस्त्र लाइसेंस हाईकोर्ट ने मांगी आपराधिक कुंडली और सुरक्षा का पूरा ब्योरा

( यंग भारत न्यूज )



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते 'गन कल्चर' और बाहुबलियों को दिए गए शस्त्र लाइसेंसों पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि आपराधिक मामलों में घिरे लोगों को आखिर शस्त्र लाइसेंस कैसे दिए गए और उन्हें सरकारी सुरक्षा किस आधार पर मिली।

हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी, बृजभूषण शरण सिंह, राजा भैया, धनंजय सिंह समेत कई प्रभावशाली लोगों की आपराधिक कुंडली और सरकारी सुरक्षा का पूरा रिकॉर्ड तलब किया है। प्रदेश सरकार ने कोर्ट को जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश में 10 लाख से अधिक शस्त्र लाइेंसधारी हैं। इनमें 6062 ऐसे लोग हैं जिन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह आंकड़ा सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई और पूछा कि आखिर गंभीर आरोपों के बावजूद ऐसे लोगों को हथियार रखने की अनुमति कैसे दी गई। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने यह आदेश संतकबीर नगर निवासी जय शंकर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। इससे पहले कोर्ट ने प्रदेशभर में जारी शस्त्र लाइसेंसों की मंडलवार जानकारी भी मांगी थी। कोर्ट ने लखनऊ जोन और कमिश्नरेट क्षेत्र के कई चर्चित नामों की भी जानकारी मांगी है। इनमें खान मुबारक, अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही, संजय सिंह सिंघाला, अतुल वर्मा, गुड्डू सिंह और अन्य कई नाम शामिल हैं। इसके अलावा राजा भैया, धनंजय सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, विनीत सिंह और उदयभान सिंह समेत कई प्रभावशाली लोगों के शस्त्र लाइसेंस की जांच के आदेश दिए गए हैं। कोर्ट में यह भी कहा गया कि प्रदेश के कई बाहुबली और उनके करीबी लाइसेंसी हथियारों की बड़ी संख्या रखते हैं। इसका मकसद केवल आत्मरक्षा नहीं, बल्कि समाज में दबदबा और दहशत कायम रखना भी होता है। जान का खतरा बताकर कई लोग एक से ज्यादा शस्त्र लाइसेंस हासिल कर लेते हैं, जबकि उनके खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज होते हैं। हाईकोर्ट ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और पुलिस कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि वे शपथपत्र देकर जानकारी प्रस्तुत करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। कोर्ट ने साफ कहा कि यदि कोई जानकारी छिपाई गई तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में सुरक्षा नहीं बल्कि भय का माहौल पैदा करता है। ऐसा माहौल सामाजिक सद्भाव को कमजोर करता है और कानून व्यवस्था के लिए खतरा बनता है।

## सुर्खियां.............

### बारिश में जल निकासी होती है बाधा इंतजाम जरूरी

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ ( जालौन )**बारिश के दिनों में ग्रामीणांचलों कस्बों की जल प्रबंधन व्यवस्था की असलियत उजागर हो जाती है। हल्की बरसात में ही गलियों–मोहल्लों के साथ मुख्य सड़कों पर पानी घंटों तक जमा रहता है। इसकी खास वजह यह है कि जल निकासी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की जाती हैं। नाले–नालियां कूड़े और गाद से इस कदर पटी रहती हैं कि उनसे होकर पानी निकल सकने का सवाल ही नहीं पैदा होता। अगर जरा भी ज्यादा बारिश हो जाए तो गलियों और सड़कों पर इकट्ठा पानी घरों में आ जाता है क्योंकि उसके और किसी तरफ निकालने का इंतजाम ही नहीं होता।

### कोंच कोतवाली क्षेत्र के गॉव की महिला के साथ हुआ था सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज नही की थी रिपोर्ट

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अदालत के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद जब वह शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची थी, तब उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी।

### न्यायालय द्वारा वांछित गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी समीर विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। बुधवार की सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव में हैं।

# क्या यूपी में फिर साथ आएंगे हाथ-हाथी, यूपी की सियासत में नया सियासी दांव! मायावती की बैठकों से बढ़ी हलचल

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** एक तरफ बीएसपी सुप्रीमो मायावती अपने पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए लगातार बैठकें कर रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ यूपी कांग्रेस के नेता कह रहे है कि मायावती को इंडिया ब्लॉक में आ जाना चाहिए.

रास्ते खुले हैं और बीजेपी को हराने के लिए सबको एक हो जाना चाहिए. बीएसपी सुप्रीमो मायावती लगातार अपने पार्टी के पदाधिकारी के साथ बैठके कर रही हैं. पार्टी के जनाधार को मजबूत करने की हर मुमकिन कोशिश कर रही हैं. बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने अपने पार्टी के नेताओं को या निर्देश दिया है की जितने भी पुराने नेता हैं उन सब को वापस पार्टी के साथ जोड़ा जाए ताकि आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ा जा सके. बता दें कि पिछले 1 सालों में बीएसपी सुप्रीमो मायावती लगातार अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच में एक्टिव है और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति बना रही है. 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से



कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में उत्साहित है. समाजवादी पार्टी के साथ फिलहाल कांग्रेस पार्टी गठबंधन में है. जाहिर तौर पर आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में सीट बंटवारे को लेकर भी बैठकर होगी. लेकिन, इससे पहले कांग्रेस पार्टी के नेता राजनीतिक दाव खेल रहे हैं. सूत्र बताते हैं कि अंदर खान कांग्रेस पार्टी के नेता बीएसपी आलाकमान से भी बात कर रहे हैं ताकि और हमें विधानसभा चुनाव में बीएसपी के साथ कांग्रेस पार्टी का गठबंधन हो जाए. उत्तर प्रदेश कांग्रेस की पार्टी के नेता कमरे पर भी खुलकर बीएसपी सुप्रीमो मायावती की तारीफ करने लगे हैं. पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी ने कह दिया है कि हमारे लिए रास्ते खुले हुए हैं. वैसे समाजवादी पार्टी के नेता यह बता रहे हैं कि कांग्रेस और बीएसपी के बीच कोई गठबंधन नहीं होने वाला है. इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में बहुत मजबूती के साथ है और इस तरीके का अफवाह फैलाना केवल बीजेपी की साजिश है. कांग्रेस पार्टी द्वारा यह कहना कि बीएसपी के साथ भी वह गठबंधन में जा सकते हैं. इसको राजनीतिक जानकार सीट शेयरिंग पॉलिटिक्स के तौर पर देख रहे हैं कि कांग्रेस मार्केटिंग करके ज्यादा से ज्यादा विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी से ले ले.

# दिल्ली में राष्ट्रपति यमुना नदी पर संतो के साथ छोटे अविरल और निर्मल बनाने के लिए संकल्प लेंगे संकल्प लेंगे : संत चिदानंद सरस्वती मुनि

## दिल्ली में यमुना नदी के दोनों तरफ संत 10000 पौधे लगाएंग, जल सहेलियां के 500 किलोमीटर की तपस्या हुई पूरी

**अनिल शर्मा + संजय श्रीवास्तव**

( यंग भारत न्यूज )





**ऋषिकेश।** गंगा के तट पर आज परमार्थ निकेतन के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के 74 वर्ष पूर्ण कर 75वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर देशभर से आए संत–महात्माओं का भव्य समागम आयोजित हुआ। इस पावन अवसर पर जल, पर्यावरण एवं नदी संरक्षण को लेकर गंभीर चिंतन हुआ तथा विशेष रूप से माँ यमुना की अविरलता और निर्मलता को सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनि ने घोषणा की शीघ्र ही दिल्ली में यमुना नदी के किनारे भारत की राष्ट्रपति महामहिमआदरणीया द्रौपदी मुर्मू संत समाज और केंद्र सरकार के मंत्री और अधिकारियों के साथ यमुना नदी को अविरल और निर्मल करने का संकल्प लेंगीइस दौरान संतों ने घोषणा की कि दिल्ली में यमुना तट पर 10,000 पौधों का रोपण किया जाएगा तथा महामहिम राष्ट्रपति के माध्यम से भी यमुना संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी संतों ने यह संदेश दिया कि नदियों का संरक्षण केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और भविष्य की सुरक्षा का संकल्प है।

संतों द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक संकल्प ने यमुना संरक्षण के लिए निकली जल सहेलियों की यमुना यात्रा 500किलोमीटरकी जालौन जिले के पचंदा से दिल्ली दिल्ली तक कि वह कठिन तपस्या पूर्ण यात्रा कीस्मृतियों को भी ताज़ा कर दिया। जब यमुना की अविरलता और निर्मलता के लिए यह संकल्प लिया गया, तब श्री अनिल शर्मा जी ने हम सभी को संदेश देते हुए कहा कि माँ यमुना के प्रति जल सहेलियों और सहयोगियों द्वारा किए गए प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि माँ यमुना हम सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आएंगी तथा उनकी अविरलता और निर्मलता के लिए देशभर में जन–जागरण और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। यह संकल्प केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, निर्मल और जीवनदायिनी नदियों को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भाजपा की केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक चलेगा जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान

## जिलाधिकारी ने समीक्षा कर विभागवार जिम्मेदारियां तय कीं, सभी कार्यक्रमों के प्रभावी आयोजन के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह अभियान जनसामान्य को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा सुशासन की उपलब्धियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगा। इसके लिए वन विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, नगर निकायों तथा शिक्षा विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। वृक्षारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आमजन से संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जनसमस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएं। 11 जून से 14 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने सूचना विभाग एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों तथा योजनाओं की प्रगति से संबंधित तथ्यात्मक सामग्री एवं प्रस्तुतीकरण तैयार कर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। 14 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, महिला कल्याण विभाग, श्रम विभाग, बैंकिंग संस्थाओं तथा अन्य विभागों को संयुक्त रूप से शिविरों में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इन शिविरों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। 16 एवं 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें किसानों, उद्यमियों, चिकित्सकों, शिक्षकों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य प्रबुद्धजनों के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सम्मेलन के माध्यम से विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाया जाए। 17 जून से 20 जून तक विकास प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। इन प्रदर्शनियों में केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, आधारभूत संरचना परियोजनाओं, औद्योगिक विकास, पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर, कानून व्यवस्था में सुधार तथा प्रदेश की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आकर्षक एवं जानकारीपरक प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र की सहभागिता रहेगी। कार्यशालाओं में किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खाद निर्माण, जैविक कीटनाशकों के उपयोग तथा जल संरक्षण की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुष विभाग को नोडल विभाग नामित करते हुए जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग, खेल विभाग, युवा कल्याण विभाग, एनसीसी तथा स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान अवधि के दौरान रात्रि चौपाल एवं क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं की सुनवाई कर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा उसकी दैनिक प्रगति रिपोर्ट, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी समय से उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में यह अभियान जनभागीदारी, पारदर्शिता और प्रभावी समन्वय के साथ संचालित किया जाएगा, ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके तथा विकसित भारत के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ प्रशांत पाण्डेय, राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नेक कार्य-नदीगांव पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** गर्मी से राहत दिलाने के लिए नदीगांव पुलिस ने राहगीरों को शर्बत पिलाया।थानाध्यक्ष शशिकांत सिंह चौहान के निर्देशन में बस स्टैंड सुभाष चौराहा पर स्टाल लगाकर बस यात्रियों व राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। पुलिस को इस तरह का नेक काम देख सभी ने सराहना की। शर्बत पीकर भीषण तपन में लोगों को राहत जरूर मिली। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार,उपनिरीक्षक मुकेश द्विवेदी, ऋषि कटियार, दीवान मनोज दीक्षित, सिपाही रामकुमार यादव, बागेश, सोनू, आदि रहे।वही वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार ने कहा, नदीगांव पुलिस सदैव लोगों की सेवा में तत्पर है और चौबीसों घंटे सातों दिन उपलब्ध है। कहीं कोई समस्या हो तो तुरंत सरकारी हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर पुलिस सहायता लें सकते हैं।

# दुष्ट ससुरालीजनों की मारपीट से 4 माह की गर्भवती महिला का हो गया गर्भपात, पीड़िता की, की जमकर पिटाई

## ससुरालीजनो पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। कदौरा थाना क्षेत्र के मुहल्ला सिद्धार्थनगर निवासी अंगूरी देवी ने अपने पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा मारपीट का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।पीड़िता अंगूरी देवी के अनुसार उसकी शादी वर्ष 2021 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के समय मायके पक्ष द्वारा लगभग सात लाख रुपये नकद सहित अन्य घरेलू सामान और दहेज सामग्री दी गई थी। इसके बावजूद ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे।पीडिता अंगूरी देवी ने बताया कि जब वह चार माह की गर्भवती थी, तब पति सुभाष, ससुर राममोहन, सास रामवती, ननद राजाश्री, प्रेमलता और राखी ने कथित रूप से उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।अंगूरी देवी का आरोप है कि छोटी ननद राखी ने उसके पेट में लात मार दी, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और रक्तस्राव शुरू हो गया।परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला महिला चिकित्सालय उरई रेफर कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि उपचार के दौरान चिकित्सकों ने काफी प्रयास किए, लेकिन चार माह के गर्भस्थ शिशु को बचाया नहीं जा सका और उसका गर्भपात हो गया।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 17 अप्रैल को हुई पंचायत के दौरान भी उसके साथ मारपीट की गई थी। लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।

### क्या बोले कोतवाल

इस संबंध में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर पति समेत छह आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कैलिया पुलिस ने चोरी की बाइक सहित चोर को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सर्किल के कैलिया पुलिस ने चोरी की बाइक सहित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल के निर्देशन में दरोगा रूपेंद्र पाल सिंह,सिपाही अजीत सिंह, सचिन परमार, जावेद अख्तर ने बुधवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान समथर बॉर्डर नहर पुलिया से संदिग्ध अवस्था में जा रही एक बाइक चालक को रुकने का इशारा किया तो चालक मौके से भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सहित चालक को पकड़ लिया। उक्त बगैर नंबर की हीरो एचएफ डीलक्स बाइक के कागजात मांगने पर चालक साहिल पुत्र शाकिर खान निवासी ग्राम साकिन थाना समथर जिला झांसी प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने जब चालक से पूछताछ की तो साहिल ने बताया कि उसने ये बाइक बीते वर्ष 2025 में दिनारा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश से चोरी की थी। पुलिस ने साहिल के खिलाफ दफा 317(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# रोजगार सेवको ने बीडीओ को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** लंबित मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने बीडीओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।ग्राम रोजगार सेवक संघ विकास खंड कोंच के अध्यक्ष रामलला निरंजन के नेतृत्व में बुधवार को ब्लॉक कार्यालय पर जुटे रोजगार सेवकों ने बीडीओ को दिए अपने ज्ञापन में कहा कि बीते 8-9 माह से मानदेय नहीं दिया जा रहा है जिससे हम सभी आर्थिक संकट से परेशान हैं। मामले से अवगत कराने के बाद भी मानदेय भुगतान को लेकर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बीती 2 जून को की गई कलमबंद हड़ताल से आगे जाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के महामंत्री नरेंद्र परिहार, हरीसिंह, सुनील कुमार, चंद्रभान, नरेंद्र सिंह, छोटेलाल, रामसेवक, प्रीति, नंदनी, रामकुमारी, सोनम, लालजी आदि रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## पारस्को एक्ट केआ आरोपी युवक गिरफ्तार किया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** बीते महीने किशोरी के अपहरण की घटना के मामले में शामिल आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुखबिर की सूचना पाकर कालपी पुलिस टीम ने जोल्हूपुर मोड पर ग्राम महेवा निवासी आरोपी राहुल सिंह को गिरफ्तार कर चालान दिया।

## पति का उत्पीडन कर आत्महत्या को उकसाने बाली महिला गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** कालपी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवकली में बीते माह पूर्व पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या घटना को अंजाम दिया था। घटना में पीड़ित पिता की शिकायत पर कालपी कोतवाली पुलिस ने आरोपी पत्नी रानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कराया गया था। उक्त घटना के मामले आरोपी रानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# बारिश में जल निकासी होती है बाधा इंतजाम जरूरी

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ( जालौन )**बारिश के दिनों में ग्रामीणांचलों कस्बों की जल प्रबंधन व्यवस्था की असलियत उजागर हो जाती है। हल्की बरसात में ही गलियों-मोहल्लों के साथ मुख्य सड़कों पर पानी घंटों तक जमा रहता है। इसकी खास वजह यह है कि जल निकासी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की जाती हैं। नाले-नालियां कूड़े और गाद से इस कदर पटी रहती हैं कि उनसे होकर पानी निकल सकने का सवाल ही नहीं पैदा होता। अगर जरा भी ज्यादा बारिश हो जाए तो गलियों और सड़कों पर इकट्ठा पानी घरों में आ जाता है क्योंकि उसके और किसी तरफ निकालने का इंतजाम ही नहीं होता। यदि सड़क पर कूड़ा या मलबा पड़ा है तो वह पानी बरसने से छितर कर फैल जाता है जिसे गंदगी और बदबू फैलती ही है, कभी-कभी बीमारियों के फैलने की स्थिति भी आ जाती है। यानी जल भराव वाले किसी भी रास्ते को सुरक्षित नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति में दफ्तर आने-जाने वालों, स्कूली बच्चों, घर के लिए खरीदारी करने के लिए निकलने वाली महिलाओं, अस्पताल जाने के लिए गर्भवती स्त्रियों एवं वृद्धजनों के लिए घर से निकलना बहुत मुश्किल भरा होता है। वाहन चालकों के लिए भी अच्छी-खासी मुसीबत रहती है। खराब रखरखाव के कारण सड़कों पर हो जाने वाले गड्ढे पानी के जमाव की वजह से दिखाई नहीं देते। नतीजा यह की कई बार इसमें वाहन फंस जाते हैं कभी-कभी तो क्षतिग्रस्त भी हो जाते हैं। वाहन सवार भी चोटिल होते हैं। इन सबसे छुटकारा दिलाने का एक उपाय यही है कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही नाले-नालियों की सफाई कराई जाए ताकि कूड़े करकट एवं मलबे के कारण वे अवरुद्ध न हों। लेकिन ऐसा उन्हीं क्षेत्र में होता है जो किसी ने किसी दृष्टि से महत्वपूर्ण हों जिसमें वीआईपी लोगों का वहां रहना और आना-जाना शामिल है। बाकी जगहों पर केवल दिखाने के लिए काम होता है जिसका नतीजा पहली बारिश में ही सामने आ जाता है।

# कोंच कोतवाली क्षेत्र के गॉव की महिला के साथ हुआ था सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज नही की थी रिपोर्ट, कोर्ट ने लिखवा दिया मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अदालत के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद जब वह शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची थी, तब उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। बाद में न्यायालय की शरण लेने पर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोर्ट में वाद दायर करते हुए बताया कि 20 मार्च को वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के बाद पैदल घर लौट रही थी। आरोप है कि मलंगा पुल के पास एक परिचित युवक उसे मिला और बहाने से सुनसान स्थान पर ले गया, जहां उसके दो अन्य साथी पहले से मौजूद थे। महिला का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने उसे धमकाया और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। उसने अपनी बीमारी और असहाय स्थिति का हवाला देकर विरोध भी किया, लेकिन आरोपियों ने उसकी एक नहीं सुनी। घटना के बाद पीड़िता शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची, लेकिन उसकी पुलिस ने नही सुनी और रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों कुंवरपुरा निवासी ऋतिक, भगत सिंह नगर कोंच निवासी योगेश और यासीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### क्या कहा कोतवाल ने

इस संबंध में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर टैंपो व ऑटो के अवैध संचालन को बंद कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । राज्य मार्ग पर टैंपो एवं ऑटो रिक्शा चालक अवैध रूप से सवारियों को ढोने का काम कर रहे हैं। जिसके चलते बस संचालकों को नुकसान हो रहा है। न्यू बुंदेलखंड बस ऑपरेटर वैलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर टैंपो व ऑटो के अवैध संचालन को बंद कराने की मांग की है।

न्यू बुंदेलखंड बस ऑपरेटर वैलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में एसोसिएशन के अध्यक्ष मुन्ना सिंह के नेतृत्व में बस संचालकों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को ज्ञापन देकर बताया कि वह स्थायी सवारी गाड़ी बसों के परमिट धारक हैं। नियमानुसार उरई से शेरगढ़ घाट (औरैया) वाया जालौन व उरई से जगम्मनपुर बसों का नियमित संचालन करते हैं। शासन के निर्देशानुसार प्रतिमाह यात्री कर जमा करते हैं। वह सरकार को टैक्स देकर बसों का संचालन कर रहे हैं। दूसरी ओर राज्य मार्गों पर नियमों की अनदेखी कर ऑटो व टैंपो का अवैध रूप से संचालन हो रहा है। मुख्यमंत्री की रोक के बाद भी नगर में देवनगर चौराहे पर टैंपो, ऑटो रिक्शा स्टैंड अवैध ढंग से चल रहा है। इसके साथ ही नगर क्षेत्र व आसपास 15 किमी के अंदर सवारियों को लाने ले जाने की अनुमति के परमिट की आड़ में 30-40 किमी दूर सवारियों को लाने व ले जाने का काम कर रहे हैं। बस स्टॉफ द्वारा मना करने पर लड़ने-झगड़ने पर अमादा रहते हैं। जिससे बसों के संचालन में नुकसान हो रहा है। उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से नगर में देवनगर चौराहे चल रहे अवैध ऑटो स्टैंड व अवैध ऑटो के संचालन पर रोक लगवाने की मांग की है। इस मौके पर प्रताप सिंह, रज्जू महाराज, अरुण कुमार तिवारी, संतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार, विजय कुमार गुप्ता, शिशुपाल, शैलेंद्र यादव, गोविंद सिंह यादव, विवेक यादव, संतोष कुमार, सैय्यद सरवर अली आदि रहे।

## पिता की मौत के बाद दो सगी बहिनो में हुआ आपस में झगडा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** दिवंगत हुए पिता के अंतिम संस्कार में झांसी स्थित घर से आयी दो बहनें यहां गांव में आकर आपस में बुरी तरह झगड़ पड़ी, विवाहित छोटी बहिन ने अविवाहित बड़ी बहन पर मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए कैलिया पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बड़ी बहन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।जानकारी के अनुसार झांसी के गोंदू कंपाउंड निवासी विवाहिता महिला यशोदा कुशवाहा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पिता का निधन हो जाने पर बुधवार की दोपहर वह दिवंगत पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने पैतृक गाँव बरोदा कलां आयी हुई थी। यहां पर उसकी बड़ी बहन मोनिका ने अचानक उस पर किसी धारदार चीज से हमला बोल दिया जिससे वह घायल हो गई और उसके कान में चोट आयी, इतना ही नहीं लात घूसों से उसके पेट पर भी वार किए जबकि उसके पेट के पहले से चार ऑपरेशन हो रखे हैं।

## लकी ड्रॉ के माध्यम से चयनित किसान को रोटावेटर भेंट किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत नवीन गल्ला मंडी में आयोजित कार्यक्रम में लकी ड्रॉ के माध्यम से चयनित किसान को रोटावेटर भेंट किया गया। रोटावेटर पाकर किसान के चेहरे पर मुस्कान आ गई। बुधवार को मंडी में आयोजित कार्यक्रम में मंडी सचिव अंकित गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना का उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करना और उन्हें मंडी व्यवस्था से जोड़ना है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी उपज मंडी में बेचने के बाद व्यापारियों से सिक्स आर (रसीद) अवश्य प्राप्त करें। इसी के आधार पर किसानों का पंजीकरण होता है और उन्हें कृषक उपहार योजना जैसी लाभकारी योजनाओं में शामिल होने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़ें ताकि उन्हें भी भविष्य में उपहार एवं अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। लकी ड्रॉ में चयनित अकोढ़ी दुबे निवासी किसान संजीव द्विवेदी को मंडी निरीक्षक राघवेंद्र गुर्जर ने रोटावेटर भेंट किया गया।

# सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन बनाएं, नियमों की अनदेखी करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई-डीएम

## हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन ही बचा सकता है अनमोल जीवन, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को सभी विभाग मिलकर करें कार्य

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** सांसद जालौन-गरौठा-भोगनीपुर नारायणदास अहिरवार की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था, दुर्घटना संभावित स्थलों, यातायात नियमों के अनुपालन तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई।

सांसद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़े नहीं होतीं, बल्कि इनके पीछे किसी परिवार की अपूरणीय क्षति जुड़ी होती है। उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों, रॉन्ग साइड वाहन संचालन करने वालों तथा बिना नंबर प्लेट के वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है, ताकि प्रत्येक नागरिक स्वयं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक बने। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा युवाओं को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाने पर बल दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० घनश्याम अनुरागी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक विषय नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर तक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजन से सड़क सुरक्षा अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पूर्व में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता पर कराए जाएं। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नियमों का सख्ती से पालन भी कराया जाए। सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क संकेतकों, स्पीड ब्रेकरों, चेतावनी बोर्डों तथा प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० बीरेंद्र सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पण्डित, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील कुमार, महेन्द्र सिंह, अमित सक्सेना, सचिव ओडीए परमानन्द यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में टीजीटी परीक्षा सकुशल संपन्न

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दोनों पालियों में रही कड़ी निगरानी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा जनपद में नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरे समय सतर्क एवं सक्रिय रहा।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, सीसीटीवी निगरानी, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जनपद में टीजीटी परीक्षा के लिए कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली में कुल 2,788 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1,269 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1,519 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल 2,127 अभ्यर्थियों में से 1,033 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 1,094 अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोनों पालियों में पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा गया। संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी गई तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस बल लगातार सक्रिय रहा।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एवं राष्ट्रीय किसान मोर्चा की प्रदेश ब्यापी संयुक्त परिवर्तन यात्रा उरई में आज

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एवं राष्ट्रीय किसान मोर्चा की प्रदेश ब्यापी संयुक्त परिवर्तन यात्रा उरई में गुरुवार को आयेगी। उक्त बात की जानकारी देते हुए बहुजन मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामबाबू चौधरी ने बताया कि यह यात्रा शहर के रघुवीर धाम गेस्ट हाउस में पहुंचेगी ।जिसका उद्घाटन आर.बी. कुशवाहा अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा जालौन करेंगे जबकि कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में बलराम लम्बरदार किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुरेश निरंजन भैया जी वरिष्ठ समाजसेवी मौजूद रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कौशल किशोर पनियारा, महेंद्र सिंह भाटिया पूर्व उपाध्यक्ष शिक्षक संघ जालौन, अरविंद कुमार ओझा वरिष्ठ समाजसेवी, सी.पी.सैन प्रदेश महासचिव सेन समाज, ज्ञानेंद्र निरंजन जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, बृजेन्द्र कुमार पटेल प्रधान कपासी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा नई दिल्ली करेंगे।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं में एम.पी. प्रजापति पूर्व प्रधानाचार्य, भूपसिंह यादव झांसी मंडल बीएमपी, रामबाबू चौधरी जिलाध्यक्ष बीएमपी जालौन, धर्मेंद्र कुमार कदौरा जिलाध्यक्ष भारतीय मुक्ति मोर्चा, भगवान दास अध्यक्ष किसान मोर्चा सहित दर्जनों की संख्या में संगठन के वक्ता मौजूद रहेंगे।

# भाजपा व्यापार प्रतिनिधि ने चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान की मांग की गई ।ज्ञापन में मांग की गई कि व्यापारियों का माल लेकर आने वाले वाहनों के लिए पास निर्गत किए जाएं, जिससे उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं को ढोने वाले वाहनों को इंट्री व्यवस्था से बाहर रखा जाए। व्यापार प्रतिनिधियों ने यह भी मांग उठाई कि सुबह के समय माल उतारने के लिए शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों को माल उतारने के बाद वापस लौटते समय न रोका जाए, जिससे व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें ।इसके अतिरिक्त शहर के भीतर एक ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना किए जाने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की गई, ताकि परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और व्यापारियों को सुविधा मिल सके ।प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# कुठौंद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )




**कुठौंद ( जालौन ):**-जनपद में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए काफ़ी समय से फरार चल रहे गैर-जमानती वारंट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन

अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जालौन के मार्गदर्शन में थाना कुठौन्द पुलिस टीम द्वारा की गई ।पुलिस के अनुसार, मु0न0 376/07 मु0अ0स0 263/06 धारा 279/337/338/304( )/427 भादावि थाना कुठौन्द जनपद जालौन से संबंधित अभियुक्त सुलतान सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर थाना कदौरा जनपद जालौन काफी समय से माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे इस पर माननीय न्यायालय ने गैर-जमानती वारंट ' जारी किया था ।माननीय न्यायालय के आदेश के ' अनुपालन में थाना कुठौन्द के प्रभारी निरीक्षक जगदबा प्रसाद दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर दिनांक 03/06/2026 को अभियुक्त को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उनहें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक तिरमल सिंह एवं कांस्टेबल आशुतोष कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुठौंद पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# बार भवन में आधुनिक शौचालय निर्माण के लिए चार लाख रुपये स्वीकृत, अधिवक्ताओं ने जताया आभार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिला जजी परिसर स्थित बार भवन में अधिवक्ताओं एवं वादकारियों की सुविधा के लिए आधुनिक शौचालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) श्रीमती रमा निरंजन ने अपनी निधि से इस कार्य हेतु 4 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस निर्णय का जिला अधिवक्ता संघ जालौन (उरई) ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिला जजी परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिवक्ता, महिला अधिवक्ता तथा दूर-दराज से आने वाले वादकारी पहुंचते हैं। लंबे समय से बार भवन में आधुनिक एवं पर्याप्त शौचालय सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस मांग को ध्यान में रखते हुए एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपनी विकास निधि से 4 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस पहल से अधिवक्ताओं एवं न्यायालय आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा कचहरी परिसर के आधारभूत ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे अधिवक्ताओं के सम्मान और सुविधाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया। अधिवक्ताओं ने एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने स्वयं उरई पहुंचकर स्वीकृति पत्र जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को सौंपा, जिससे अधिवक्ता समुदाय में खुशी का माहौल है। जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ सदस्य चौधरी जयकरण सिंह (खरुसा) एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ताओं ने एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन एवं आर.पी. निरंजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला साबित होगा। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी अधिवक्ताओं की सुविधाओं एवं न्यायिक परिसर के विकास के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# एसपी ने वर्चुअल जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पुलिस अधीक्षक जालौन ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई कर थानों एवं पुलिस कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध समाधान कराया जाए। एसपी ने लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। वर्चुअल जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की और जनसामान्य की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहने की हिदायत दी।

# बंद कमरों में सिमट रही जनपद जालौन कांग्रेस की राजनीति

## कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन की मासिक बैठक नहीं जुट सके एक दर्जन पदाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** एक ओर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशभर में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनता से सीधे संवाद बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। हाल के कई कार्यक्रमों में उन्होंने पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर मेहनत करने और संगठन को मजबूत बनाने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर जनपद जालौन में कांग्रेस संगठन की स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्ष द्वारा अधिकांश कार्यक्रम बंद कमरों तक सीमित रखे जा रहे हैं। आरोप है कि कार्यक्रमों में आम कार्यकर्ताओं और जनता की भागीदारी नगण्य रहती है तथा केवल फोटो खिंचवाकर उन्हें प्रदेश नेतृत्व को भेजकर सक्रियता का प्रदर्शन किया जाता है।

स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि कांग्रेस को जनपद में मजबूत करना है तो पार्टी नेताओं को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाना होगा। केवल औपचारिक बैठकों और फोटो सत्रों से संगठन को मजबूती नहीं मिल सकती। कार्यकर्ताओं का मानना है कि राहुल गांधी के संगठन सशक्तीकरण अभियान की भावना तभी सफल होगी जब जिला और शहर स्तर के पदाधिकारी भी जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर जनता और कार्यकर्ताओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

# नई महिला एआरटीओ सौम्या पांडेय ने संभाला चार्ज

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में एआरटीओ प्रशासन के पद पर नियुक्त हुईं सौम्या पांडेय ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने परिवहन विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया तथा विभिन्न पटलों का जायजा लेकर कार्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने, आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करने तथा कार्यालयीय कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग से संबंधित सेवाओं को सरल, सुगम एवं जनहितकारी बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी ।कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में दिखी प्रशासन की संवेदनशीलता

( यंग भारत न्यूज )



- जिलाधिकारी ने सुनीं दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं
- प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी - जिलाधिकारी

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, विद्युत, नगर निकाय, पेंशन, आवास तथा भूमि विवादों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए तथा गंभीर प्रकृति की शिकायतों में मौके पर जाकर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले तथा किसी भी नागरिक की समस्या अनसुनी न रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों के निस्तारण में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसंतुष्टि ही प्रशासन की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना है और शिकायतकर्ता को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

# परवर दिगार साहिबे ईमान बना दे...

## उर्स का दूसरा व आखरी दिन, कव्वालो ने बांधा समां




( यंग भारत न्यूज )

उरई : स्टेशन रोड स्थित इंसानियत के सूफ़ी बुजुर्ग हजरत बेरी वाले बाबा के 86 वें उर्स के मौके पर मंगलवार की रात दूसरी व आखरी बज्म में शास्त्रीय लबो लहजा और सूफियाना रंगत का ऐसा संगम देखने को मिला कि जो इससे पहले कभी न देखा गया था। अकीदत की चाशनी में गोते खाने वाले श्रोता इसके आकर्षण में बंधे सुबह तक अपने स्थान पर डटे रहे।

दो रोजा उर्स के दूसरे दिन की शुरुआत कलामे रब्बानी से मौलाना इमरान ने की।जिसके बाद महफ़िले शमां का दौर शुरू हुआ। कव्वाली के जोरदार मुकाबले में अनीस नबाब (मुंबई) और चांद कादरी (दिल्ली) ने लोगो की नब्ज टटोलते हुए मनमाफिक कलाम पढे। सबसे पहले मुंबई से आये फनकार अनीस नबाब ने इस्लाम धर्म के सबसे चहते पैगंबर मुहम्मद साहब की शान बयान करते हुए कहा कि इस बक्त इस्लाम धर्म का आखिरी माह चल रहा है, जिसे हम लोग इदुल अजहा (बकरीद) के नाम से जानते है, और इसी माह में मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह के नबी मुहम्मद साहब की बारगाह में अपने जीवन के इस्लामी पांचवें रुकून को पूरा करने के लिए व दूसरे नबी हजरत इब्राहिम व हजरत इस्माइल की सुन्नत पर अमल करने के लिए मक्का और मदीना जाते है। जिसमे हमारे मुल्क व जिले से कसीर तादात में मुस्लिम समाज के लोग गए हुए है। जिसको संज्ञान में लेकर उन्होंने पढ़ा, परवर दिगार साहिबे ईमान बना दे, हम सबको सच्चा नेक मुसलमान बना दे, रोजा नसीब कर मेरे महबूब का हमे, कुछ रोज कमली वाले का मेहमान बना दे। इसके बाद दिल्ली से आये फनकार चांद कादरी ने भी महफिल में मौजूद लोगों की नब्ज टटोलते हुये कहा कि बदनशीब है वह बेटे जो आज अपने मां बाप की बात नहीं मानते और उनकी इज्जत नहीं करते। उन्होंने मां बाप का मर्तबा समझाते हुये पढ़ा कि मेरी मां जन्नत है, मै मां से प्यार करता हूं।जीता हूं मां के लिए, मां के लिए मरता हूं, कोई मेरी तबाही का जरिया हो नहीं सकता, हे दिल में वो मेरा दिल बेशहारा हो नहीं सकता।बहन हो, भाई हो, बेटा हो, वीवी हो या महबूबा किसी का प्यार मां के जैसा हो नहीं सकता। जीता हूं मां के लिए, मां के लिए मरता हूं, मां मेरी जन्नत है, मै मां से प्यार करता हूं। मां की शान में कलाम पढ़ते हुये फनकार खुद रो पढ़े और उन्हें देख मजमे में बैठे सैकड़ो की तादात में आये लोग अपनी मां की ममता यादकर महिलाए बेटी व नौजवान भी फनकार का कलाम सुन अपने आँसू न रोक पाए और वह रोने पर मजबूर हो गए।यह कलाम से महफिल में रूहानियत छा गईं। इससे पहले उन्होंने कोमी एकता पर तंज कसते हुए पढ़ा, लहू अपना दे दू चमन के लिए, मेरी जान जाए वतन के लिए।इसके बाद जबाबी मुकाबले में कव्वाल अनीस नबाब ने गरीब नवाज की शान मे मनकबत पढ़ी, सोने के कलश वाले ख्वाजा, मोरे अगना मे आजा। मजमे में बैठे लोगों ने कव्वाल को तालियों के नजराने से नवाजा। चीफ कन्ट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार ने कव्वलो को पगड़ी तो प्रभारी अध्यक्ष कोस्तुब चतुर्वेदी ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। दरगाह शरीफ पर अकीदतमंदों का तांता लगा रहा और सलाम व फातिया ख्वानी का सिलसिला चलता रहा। इसके अलावा लंगर के भी आयोजन हुये जिसमे जमकर लंगर छका गया। आसपास से आये जायरीनों ने दरगाह पर चादर पेश कर मोहब्बत का यक़ीदा पेश किया। कार्यक्रम का संचालन पप्पू थापा ने किया। इस दौरान जुल्फीकार अहमद, गुलशेर सेठ चतेला, भिक्के खा, रईस खान, फिरोज कैसेट, अब्दुल रब सुनार, छोटू शाह, अकील अहमद, जुबैर खान, इबादत अली, रिजवान खा, डा, कुद्दूस, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जालौन गुलाब सिंह जाटव ,रफीउद्दीन पंन्नू, बीरपाल चौधरी उर्फ बब्लू, महेश शिरोमणि, सुरेंद्र बजारिया, टिंकू शताब्दी, पप्पू पठान, नजम हाशमी,जीवन बाल्मीकि, भानु राजपूत, बेद यादब, दिब्यां किन्नर, लियाकत चिश्त व अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेरी जान जाए वतन के लिए पर जमकर बरसे नोट

उरई।बेरी वाले बाबा के उर्स मुबारक के दूसरे दिन कव्वाल चाँद कादरी द्वारा जैसे ही कोमी एकता पर तंज कसते हुए पढ़ा गया कि भरत राम की तरह करलो मिलाप, उठो हिंदू मुस्लिम मिलन के लिए। मेरी जान जाए वतन के लिए। तो मंच पर मौजूद दिब्या किन्नर, नजम सेठ, पप्पू पठान, रफीउद्दीन पंन्नू, टिंकू शताब्दी, फ़जील खान ने कलाकार चाँद कादरी पर नोटों की बारिश कर हौसला अफजाई की।

### ऑक्टोपैड, ढोलक व तबले की धुन पर झूमें लोग

उरई। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक इंसानियत के सूफ़ी बुजुर्ग हजरत सैयद बेरी वाले बाबा के प्रोग्राम शुरु होने से पहले जैसे ही कब्वाल अनीस नबाब के सजिंदो के द्वारा ऑक्टोपैड, ढोलक व तबले से देशभक्ति के लिए कर्मा फिल्म की धुन, दिल दिया है, जान भी देंगे, ये बतन तेरे लिए बजी तो कब्बाली प्रोग्राम में पधारे सैकड़ो हिंदू मुस्लिम समाज के लोग झूमते नजर आए।

# आंधी तूफान से आधा सैकडा से अधिक गांवो की बिजली गुल



## -आंधी-तूफान में बड़ी संख्या में क्षतिग्रस्त हुए थे पोल और ट्रांसफार्मर, आपूर्ति पटरी पर आने में लग सकते हैं दो-तीन दिन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बीती 26 मई को आए तेज आंधी-तूफान ने नगर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह ध्वस्त करके रख दिया है। तूफान में बड़ी संख्या में बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो गई है। छह दिन बीत जाने के बाद भी क्षेत्र के करीब 70 गांवों में बिजली बहाल नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि कई गांवों में लोगों के मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं।

कोंच प्रथम बिजली उपकेंद्र का जालौन फीडर सबसे अधिक क्षतिग्रस्त हुआ है। इस फीडर पर अभी तक केवल सिकरी गांव में ही बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी है, जबकि पचीपुरा, भेंड़, छानी, गुरावती, खोआ, रवा, लहचूरा, रनवा, खनुआं और अंबरगढ़ समेत कई गांव अब भी अंधेरे में डूबे हुए हैं। उधर, उरई फीडर से जुड़े सिमिरिया गांव में आधे हिस्से में ही आपूर्ति बहाल हो सकी है। वहीं कोंच द्वितीय बिजली उपकेंद्र के तीतरा फीडर के अंतर्गत लौना गांव में भी केवल आधे गांव को बिजली मिल पा रही है। बताया गया कि डबल पोल पर रखा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से शेष हिस्से में आपूर्ति शुरू होने में एक दो दिन और लग सकते हैं। नदीगांव बिजली उपकेंद्र से जुड़े असूपुरा, कुरचौली, अर्जुनपुरा, बाबली, भकरोल, हीरापुर, नीचे का पूरा, सर्र, लगामपुरा, गप्पू का डेरा, रंजीत का डेरा, सलैया, ककरौली, ककरौली खुर्द, आलमपुर और सिकंदरपुर सहित दर्जनों गांवों के लोग भी अब तक बिजली का इंतजार कर रहे हैं। लगातार बिजली न मिलने से पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और दैनिक कार्यों में ग्रामीणों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या कहा एसडीओ ने

एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि आंधी-तूफान में भारी संख्या में पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए थे।उन्हें दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।जेई अमन खान व जेई निशांत शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी दिन-रात मरम्मत कार्य में जुटे हैं।जैसे-जैसे लाइनें तैयार होती जा रही हैं, गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल की जा रही है।संभावना है कि दो से तीन दिन के भीतर सभी प्रभावित गांवों में बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

# बगैर बटबारा हुए जमीन पर प्लाटिंग करने का आरोप

## -महिला ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के मौजा कोंच बदनपुरा स्थित एक कृषि भूमि को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। भूमि के सह-स्वामियों ने आरोप लगाया है कि जमीन का विधिक बंटवारा हुए बिना ही कुछ लोगों द्वारा वहां प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही है।मामले को गंभीर बताते हुए शिकायतकर्ताओं ने बुधवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर तत्काल हस्तक्षेप और कार्रवाई की मांग की है।शिकायतकर्ता फूल कुंवर पत्नी काशीप्रसाद एवं राजेन्द्र प्रसाद पुत्र काशीप्रसाद ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि मौजा कोंच बदनपुरा की आराजी संख्या 2716 मि रकबा 0.3810 हेक्टेयर में उनका आधा हिस्सा है। उनका कहना है कि उक्त भूमि का अभी तक कानूनी रूप से बंटवारा नहीं हुआ है, इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा जमीन पर मिट्टी का रास्ता डालकर प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही है। आरोप है कि रातों-रात भूमि पर पक्के पिलर भी स्थापित कर दिए गए हैं।शिकायतकर्ताओं के अनुसार संबंधित लोगों ने भूमि पर प्लॉट बिक्री का बोर्ड लगा दिया है, जिसमें संभावित खरीदारों के लिए संपर्क नंबर भी अंकित किए गए हैं। उनका कहना है कि बिना किसी वैधानिक अनुमति के प्लॉटिंग और बिक्री संबंधी गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं, जिससे उनकी हिस्सेदारी वाली भूमि पर अतिक्रमण और अवैध बिक्री की आशंका बढ़ गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जब उन्होंने भूमि की नाप-जोख कर रहे लोगों से उनकी पहचान और अधिकार संबंधी जानकारी मांगी तो वे विवाद करने लगे और झगड़े पर उतारू हो गए। शिकायतकर्ताओं ने स्वयं को अनुसूचित जाति का बताते हुए आशंका जताई है कि प्रभावशाली लोग उनकी मूल्यवान भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि भूमि का विधिक बंटवारा होने तक किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग और बिक्री पर रोक लगाई जाए तथा पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं एसडीएम हेमंत पटेल ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पेट्रोलियम खपत पर बचत बड़ी जिम्मेदारी

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ( जालौन )** देश में पेट्रोलियम पदार्थों की खपत कम करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार की जा रही अपील को गंभीरता से लेने की जरूरत है।इसे एक राजनीतिक भाषण नहीं समझा जाना चाहिए बल्कि ऐसा करना खुद हमारे ही हित में है। यह कोई डराने वाली बात भी नहीं है लेकिन सुखी इंसान-समाज वही होता है जो आने वाली संभावनाओं और आशंकाओं के प्रति सचेत रहे। खुद पीएम ने ही कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में दुनिया लगातार अस्थिर परिस्थितियों से गुजर रही है।पहले कोविड, फिर वैश्विक आर्थिक चुनौती और अब पश्चिम एशिया में तनाव।इन सभी का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है।जैसे हर बूंद से घड़ा भरता है, वैसे ही हर छोटी और बड़ी कोशिश मायने रखती है।उनकी इस बात का गंभीर अर्थ भी है। कोई नहीं जानता कि दुनिया पर तमाम बड़े देशों के नेताओं द्वारा कही जाने वाली किसी बात या उठाए जाने वाले किसी कदम का क्या असर पड़ेगा।इसके ताजा उदाहरण के रूप में अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों के कारण मंगलवार को रुपए की सर्वकालिक निचले स्तर पर आ जाना है। ऐसी स्थितियां बिना किसी चेतावनी के कभी भी और अचानक आ सकती हैं जिनसे निपटने के लिए पहले से भरसक पूरी तैयारी रखना बहुत जरूरी है। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इनका असर एक-दो लोगों नहीं बल्कि जनसंख्या के एक काफी बड़े हिस्से पर पड़ता है।इसीलिए प्रधानमंत्री ने बिना किसी लाग लपेट के कहा है कि पश्चिम एशिया का संकट इस दशक के सबसे गंभीर संकटों में से है। जिस तरह हमने कोरोना महामारी पर विजय प्राप्त की उसी तरह इस संकट से भी बाहर निकल जाएंगे। संकट से निपटने के लिए देश की तैयारी पूरी होने का संकेत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इस घोषणा से मिलता है कि देश में पर्याप्त पेट्रोल डीजल उपलब्ध है और लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इसीलिए स्वदेशी जागरण मंच में भी पीएम की अप्रैल को गंभीरता से लेते हुए इसे पूरी तरह अमल करने की अपील की है। आर्थिक संरचना का बहु प्रचलित शब्द है रिजर्व यानी जमा। अभी की ईंधन की बचत वास्तव में भविष्य के लिए हमारा रिजर्व ही होगा। इस दृष्टि से भी इसका महत्व और बढ़ जाता है। सरकार ने पूरी स्थिति स्पष्ट कर दी है। अब इस पर अमल करना नागरिकों की बड़ी जिम्मेदारी है।

# बंगरा - माधौगढ़ सड़क मार्ग पर खड़े जामुन के पेड़ जल गए, वन विभाग नदारद

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत कैलोर से सुल्तानपुरा के बीच दर्जनों जामुन के पेड़ लगे थे जो कि बरसात में काले काले फल देते थे इन पेड़ों के पास से गुजरने वाले सभी राहगीर जामुन के मौसम के समय खूब जामुन के मीठे-मीठे फल खाया करते थे हाल के दिनों में जामुन के पेड़ों आग लगने से दर्जनों जामुन के पेड़ आग के आगोश में आकर खाक हो गये वहीं वन विभाग ने किसी भी तरह की खैर खूबी नहीं की वन विभाग की हठधर्मिता से जामुन पेड़ जले तो वहीं हजारों रुपए की लकड़ी जलकर राख हो गई तो अब राहगीरों को जामुन के फल भी खाना भी नामुमकिन हो गया है खैर तहसील क्षेत्र में जामुन के पेड़ ही नहीं जले बल्कि अन्य हजारों पेड़ जलकर खाक हो गए पर अभी तक वन विभाग की कोई कार्रवाई लोगों के बीच नजर नहीं आई है

## बीहडवर्ती जगहों के हुए पेड़ खाक

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़( जालौन )** वन विभाग ने बेहड में तमाम पेड़ों को रोपने का काम कागज पर किया तो वहीं कुछ उगे तो उनमें भी आग लग लगने से एक पेड़ नहीं बल्कि का ऊपरी हिस्सा सैकड़ों बीघा में जलकर खाक हो गया लेकिन वन विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी हरकत में नहीं आया लोगों का कहना है कि पहले गड्ढों की खुदाई पर खर्च किया कराया गया तो फिर पेड़ लगानें पर अब पेड़ जल गये हैं तो पुन: गड्ढा खुदेगा फिर पेड़ लगेंगे फिलहाल फार्मल्टी में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी शासन प्रशासन को चाहिए कि वन विभाग के पेड़ों की कागजी और धरातलीय जांच कराई जाए तब दूध का दूध पानी का पानी साफ हो जाएगा

## खुद काटें खोदें तो मालिक दूसरे कांटें तो चोर

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** वाह री वन विभाग की कार्य प्रणाली बड़ी ही अजीब सी है मींगनी समेत अन्य जगहों में वन विभाग ने स्वयं लगाए पेड़ों को हटाने खोदनेका काम किया और पेड़ ऐसे ही नहीं हटाए बल्कि बुल्डोजर चलाकर साफ किए इन्हीं पेडों में यदि एक पेड़ किसान काट लेता तो उसे जेल थाना ही नहीं जाना पड़ता बल्कि जुर्माना भी भुगतना पड़ता वहीं अपुष्ट सूत्र बताते हैं कि गडेरना और रामपुरा की ओर पेड़ काटे जा रहे हैं वहीं यदि किसी को अपने घर से पेड़ हटाना हो तो एक नहीं दर्जनों नियमों को शपथ खाकर मानने पडेंगे वहीं सरकारी दफ्तरों के सैकड़ों चक्कर भी काटने होंगे तब कहीं नियमानुसार अनुमति मिल पाती है फिलहाल वन विभाग की कार्यशैली पर लोगों के प्रश्न चिन्ह है

# सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर मोड़ में एक व्यक्ति की 2 महीने पहले सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में वादी के द्वारा कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया के द्वारा मामले की बिबेचना शुरू कर दी गई है।उक्त मामले को लेकर वादी विशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय धर्मेंद्र सिंह निवासी ग्राम बैरई थाना कालपी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 03,03,2026 को मेरे पिता धर्मेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री राम उम्र करीब 48 वर्ष निजी कार्य हेतु घर से मोटरसाइकिल में सवार होकर कालपी जा रहे थे। तभी जोल्हुपुर से करीब 1 किलोमीटर पहले वन विभाग टावर के सामने से आ रही तेज रफ्तार व लापरवाही से विपरीत दिशा में आकर सामने से एक लोडर महिंद्रा पिकअप संख्या ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर मेरे गांव के रवि शुक्ला और लल्लन सिंह ने यह घटना आंखों से देखी। व मुझे सूचना दी कि आपके पिता का एक्सीडेंट हो गया मैं और मेरे परिवारजन मौके पर पहुंच कर पुलिस की मदद द्वारा मेडिकल कॉलेज उरई उपचार के लिए ले गये।अधिक चोटों के कारण डॉक्टरों ने कानपुर नगर हेलट हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसी दिन शाम करीब 6 बजे उनकी मृत्यु हो गई।

# खेत में फसल कटाई के दौरान ट्रैक्टर कटर की चपेट से मौत के मामले में एफआईआर दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील अंतर्गत ग्राम शाहजहांपुर में बीते महीने पहले ट्रैक्टर कटर सर में लगने के कारण घायल व्यक्ति की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले की पुलिस बिबेचंना करने में जुट गई है। उक्त मामले को लेकर वादी आदर्श कुमार पुत्र स्वर्गीय बाबूराम निवासी ग्राम भैंसा पाली थाना कुरारा जिला हमीरपुर ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है की प्रार्थी के पिता बाबूराम अपनी बहन के गांव शाहजहांपुर थाना कालपी जिला जालौन आए थे। दिनांक 22.04.2026 समय करीब 12 बजे रात्रि की है। प्रार्थी के पिता अपनी बहिन के खेत में बहन की फसल ट्रैक्टर कटर से कटवा रहे थे।प्रार्थी के पिता ट्रैक्टर कटर मशीन के पीछे तिरपाल बिछा रहे थे। तभी सोनालिका ट्रैक्टर आरोपी चालक व मलिक देवेंद्र कुमार पुत्र करी सिंह निवासी ग्राम शाहजहांपुर ने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर को बैक कर दिया। जिससे प्रार्थी के पिता के सिर पर ट्रैक्टर के कटर का पहिया चढ़ गया। इस दुर्घटना में प्रार्थी के पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पिता को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया।ले गए। जहां गंभीर स्थिति के कारण हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

# कालपी में पुलिस ने फिर पकड़ा 15 किलो गांजा सहित एक तस्कर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली कालपी की पुलिस टीम के द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 15 किलो अवैध गांजा बरामद कर चालान कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनांक 02.06.2026 को पुलिस टीम समय करीब रात्रि 10 बजे उप निरीक्षक विपिन कुमार, सिपाही रंजीत कुमार, राहुल कुमार, निखिल कुमार क्षेत्र में शांति व्यवस्था व चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना मिली कि एक व्यक्ति झोले में गांजा लिए हुए उसरगांव रेलवे स्टेशन से झांसी कानपुर नेशनल हाईवे में रोड की ओर आ रहा है। पुलिस टीम ने मुखबिर को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पहुंचे। पुलिस टीम बताए गए स्थान झांसी कानपुर नेशनल हाईवे से उसरगांव रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर मुड़कर करीब 150 मी स्टेशन पहुंचे। पुलिस टीम सामने से आ रहे व्यक्ति के पास पहुंची तो अचानक पुलिस टीम को आता देख व्यक्ति डर गया। पुलिस टीम ने उस व्यक्ति को रुकने के लिए कहा झाड़ियां की ओर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने घेर कर आरोपी मोहित गुप्ता पुत्र नारायण दास गुप्ता निवासी मोहल्ला बदनपुर थाना औरैया को पकड़ लिया। झोले के बारे में जब पूछा तो बताने से कतरने लगा झोले को लेकर देखा तो उसमें 15 किलो 510 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एंडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# तहसीलदार तथा आबकारी निरीक्षक की बैठक में बनी रणनीति

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बबीना गांव में स्थित मदिरा की दुकान को सुचारू रूप से संचालन करने के उद्देश्य से तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा आबकारी निरीक्षक नागेन्द्र सिंह ने बैठक करके रणनीति तैयार की है।

तहसील के आबकारी निरीक्षक नागेन्द्र सिंह ने बताया कि बबीना गांव की आशा मोड बबीना की मदिरा शॉप की दिनांक 29.05.2026 को लॉटरी सिस्टम के आधार पर बबलू शिवहरे के नाम आवंटित हुई थी। जब अनुज्ञपि बबलू शिवहरे की दुकान का संचालन शुरू हुआ तो कई लोग नाराजगी जता कर कहने लगे कि आबादी क्षेत्र से दुकान को हटवाया जाए। जबकि पिछले 8 वर्षों से इससे पहले दुकान का संचालन होता रहा है। मदिरा की मॉडल शॉप को शुरू कराने के लिए तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा आबकारी निरीक्षक नागेन्द्र सिंह के द्वारा बुधवार को रणनीति तैयार की गई है महिला सिपाहियों, थानेदारों के साथ तहसीलदार व आबकारी निरीक्षक के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कंटेनर की टक्कर से घायल बाइक सवारों के मामले में मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के बाईपास हाइवे में पिछले महीने हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवारों के घायल होने के मामले में पीड़ित पक्ष के द्वारा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी पंकज पाल पुत्र विनोद पाल निवासी ग्राम लोहरगांव थाना कालपी ने कोतवाली कालपी मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 30.05.2026 को समय लगभग शाम के 5 बजे प्रार्थी का भाई अपने पिता के साथ भोगनीपुर के ग्राम से लोहरगांव मोटरसाइकिल से जा रहा था। तभी खानकाह शरीफ कालपी के पास ओवर ब्रिज पर चालक ने लापरवाही पूर्वक कंटेनर वाहन चलाते हुये प्रार्थी के भाई की मोटरसाइकिल पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे प्रार्थी का भाई व पिता घायल हो गए प्रार्थी के पिता को गंभीर चोटें आई थी। एंबुलेंस के माध्यम से राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया।प्रार्थी अपने घायल पिता व भाई को ले गया गंभीर चोटे होने के कारण महारानी रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया।जहां प्रार्थी के पिता का आईसीयू में मेडिकल कॉलेज झांसी में भर्ती है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस मामले की विवेचना सब इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा शुरू कर दी गई है।

# मुझसे शादी करेगी तभी छोड़ूंगा...', प्यार का झांसा देकर 4 दोस्तों ने 10 महीने तक किया गैंगरेप

( यंग भारत न्यूज )

**कोल्हापुर।** मुखौटा पहनकर कोई इस हद तक दरिंदा हो सकता है, इसका एक खौफनाक और रूह कंपा देने वाला सच कोल्हापुर से सामने आया है. एक युवती को पहले प्यार और शादी के जाल में फंसाया गया, फिर अश्लील वीडियो के दम पर पिछले 10 महीनों तक उसे बंधक बनाकर 4 दोस्तों के बीच 'हवस का खिलौना' बना दिया गया.




दरिंदगी की हद तब पार हो गई जब मुख्य आरोपी ने लड़की से कहा, 'मुझसे शादी करेगी, तभी इस नरक से छूटेगी!' 10 महीने तक गुमनामी में घुटती रही इस लड़की ने जब हिम्मत दिखाकर पुलिस का दरवाजा खटखटाया, तो इस पूरे मामले का सच बाहर आया है. पुलिस जांच के मुताबिक, पीड़िता की दोस्ती कुछ समय पहले कोल्हापुर के ही रहने वाले एक युवक से हुई थी. उस युवक ने लड़की को अपने प्यार के जाल में फंसाया और शादी का वादा किया. पहला धोखा: करीब 10 महीने पहले, आरोपी ने शादी की बात करने के बहाने लड़की को एक सुनसान जगह पर बुलाया. वहां उसने लड़की की मर्जी के खिलाफ पहली बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. ब्लैकमेलिंग का जाल: आरोपी ने इस पूरी घिनौनी हरकत का अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया और कुछ तस्वीरें खींच लीं. इसके बाद शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का वो दौर जो अगले 10 महीनों तक लड़की के लिए नरक बन गया. जब लड़की ने वीडियो डिलीट करने और शादी करने का दबाव बनाया, तो मुख्य आरोपी का असली चेहरा सामने आ गया. उसने लड़की को धमकी दी कि अगर उसने शोर मचाया या पुलिस को बताया, तो वह यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और उसके परिवार को जान से मार देगा. मुख्य आरोपी की दरिंदगी यहीं नहीं रुकी. उसने अपने तीन अन्य दोस्तों को भी इस घिनौने खेल में शामिल कर लिया. बारी-बारी से शिकार: पिछले 10 महीनों के दौरान, इन चारों दोस्तों ने मिलकर लड़की को कोल्हापुर और उसके आसपास के अलग-अलग ठिकानों यानी लॉज और फ्लैट्स पर ले जाकर डराया-धमकाया और नशीला पदार्थ देकर बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया. हाल ही में जब पीड़िता की मानसिक और शारीरिक हालत बेहद खराब हो गई, तो उसने आरोपियों के सामने हाथ जोड़े और छोड़ने की भीख मांगी. इस पर मुख्य आरोपी ने उसके सामने एक बेहद अजीब और खौफनाक शर्त रख दी. आरोपी ने पीड़िता से कहा, 'तू मेरे साथ चुपचाप कोर्ट मैरिज कर ले. अगर तू मुझसे शादी करने के लिए तैयार हो जाएगी, तो ही मैं यह अश्लील वीडियो और तस्वीरें डिलीट करूंगा, और मेरे दोस्त तुझे परेशान करना बंद करेंगे.' आरोपी असल में कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए जबरन शादी का यह ढोंग रचना चाहता था. जब प्रताड़ना सहनशक्ति से बाहर हो गई, तो पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और कोल्हापुर के स्थानीय पुलिस स्टेशन पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की. महिला पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज किया गया, जिसे सुनकर खुद पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए. कोल्हापुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता की सामूहिक बलात्कार, ब्लैकमेलिंग, जबरन बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया. पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रेमी समेत उसके चारों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए हैं ताकि उस अश्लील वीडियो को रिकवर किया जा सके जिसके दम पर लड़की को 10 महीने तक प्रताड़ित किया गया.

# रिश्ते को किया तार तार! बेटी को भी नहीं छोड़ा, घर में नहीं होता था कोई तो बनाता था जबरन संबंध

( यंग भारत न्यूज )

अमेरिका के डेलावेयर राज्य के स्मर्ना शहर में एक भयावह घटना ने सभी को झकझोर दिया है. 49 वर्षीय बदारा कोने पर अपनी 10 वर्षीय बेटी फातिमा कोने की हत्या और परिवार के अन्य बच्चों के साथ लगातार दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. 28 मई 2026 की तड़के लगभग 2 बजे पुलिस को ओकविन सर्कल स्थित एक घर में सूचना मिली. मौके पर पहुंचने पर 10 वर्षीय फातिमा अपने कमरे में मृत पाई गई. प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध होने पर होमिसाइड यूनिट को तुरंत शामिल किया गया.



पुलिस जांच में सामने आया कि घटना से एक दिन पहले बच्ची पर कथित रूप से शारीरिक हिंसा की गई थी, जिसके दौरान उसे गंभीर चोटें आईं. बाद में वह बेहोश हो गई और समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने से उसकी मौत हो गई. जांच के दौरान यह भी सामने आया कि घर में मौजूद अन्य दो बच्चों एक 15 वर्षीय और एक 11 वर्षीय के साथ भी लंबे समय से दुर्व्यवहार किया जा रहा था. उन्हें मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनके साथ हिंसा के संकेत मिले. पुलिस ने आरोपी पर 'कंटीन्यूअस चाइल्ड अब्यूज' और 'फोर्थ डिग्री चाइल्ड अब्यूज' सहित कई गंभीर आरोप दर्ज किए हैं. मामला इतना गंभीर है कि न्याय विभाग ने अतिरिक्त हत्या और लापरवाही के आरोप भी जोड़े हैं।

फोरेंसिक रिपोर्ट के अनुसार, बच्ची की मौत कई गंभीर चोटों के कारण हुई हत्या मानी जा रही है. आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है और उस पर लाखों डॉलर का बॉन्ड तय किया गया है. इस घटना ने स्थानीय समुदाय को गहरे सदमे में डाल दिया है और बाल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है ताकि सभी सच्चाइयों का खुलासा हो सके.

# 50000 में गर्लफ्रेंड को बेचने वाला था.' ग्वालियर में मर्डर के बाद दोबारा वारदात वाली जगह पर क्यों गया कातिल प्रेमी

( यंग भारत न्यूज )

**ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर से एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसने रिश्तों, भरोसे और इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है. महज 15 साल की छात्रा ने जिस युवक पर भरोसा कर मां-बाप और घर छोड़ा, वही उसकी मौत का कारण बन गया



आरोपी प्रेमी ने पहले नाबालिग को बहला-फुसलाकर घर से भगाया, फिर अपने दो साथियों के साथ उसका गैंगरेप किया. इतना ही नहीं, छात्रा को पैसों के लिए 50 हजार रुपए में दूसरे युवक को सौंपने की साजिश भी रची गई.जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी. वारदात को छिपाने के लिए शव पर पेट्रोल डालकर उसे जलाने की कोशिश की गई. पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के मुताबिक भिंड जिले के मौ क्षेत्र की रहने वाली नौवीं कक्षा की छात्रा का पड़ोसी गांव के युवक रामू गुर्जर से प्रेम संबंध था. 28 मई को आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ग्वालियर ले गया. इस पूरी साजिश में उसके दो साथी अरुण कुशवाहा और गौरव कुशवाहा भी शामिल थे. आरोपियों ने छात्रा को ग्वालियर के गुप्तेश्वर पहाड़ी क्षेत्र में ले जाकर रखा जहां सुनसान इलाके में उसके साथ जबरदस्ती की गई. जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने छात्रा को पैसों के बदले दूसरे युवक को सौंपने की योजना बनाई थी. बताया जा रहा है कि 50 हजार रुपये में यह सौदा तय किया गया था. जब छात्रा को इसकी जानकारी मिली तो उसने विरोध किया और घर जाने की बात कही. इसी बात को लेकर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की. छात्रा लगातार रोती रही और खुद को बचाने की कोशिश करती रही लेकिन आरोपियों ने उसकी एक नहीं सुनी. पुलिस के अनुसार विरोध बढ़ने पर आरोपियों को डर सताने लगा कि कहीं उनका राज खुल न जाए. इसके बाद उन्होंने छात्रा के दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई. हत्या के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए. हालांकि उन्हें इस बात का डर था कि शव मिलने पर पुलिस तक पहुंचना आसान हो जाएगा. यही वजह रही कि अगले दिन तीनों आरोपी फिर घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने शव पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, ताकि पहचान मिटाई जा सके और सबूत नष्ट हो जाएं. लेकिन शव पूरी तरह नहीं जल पाया. अधजली अवस्था में शव वहीं पड़ा रह गया और आरोपी मौके से भाग निकले. इधर, छात्रा के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी. परिवार ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और शक के आधार पर रामू गुर्जर का नाम भी बताया. जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले. तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में लिया. कड़ाई से पूछताछ करने पर वह टूट गया और उसने पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया. मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी परिवार की सबसे बड़ी उम्मीद थी. वह पढ़-लिखकर कुछ बनना चाहती थी. पिता के अनुसार, कुछ समय पहले बेटी ने रामू द्वारा परेशान किए जाने की बात बताई थी लेकिन बाद में उसने इस विषय पर कोई चर्चा नहीं की. परिवार को लगा कि मामला खत्म हो गया है. उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि उनकी बेटी ऐसी साजिश का शिकार हो जाएगी. पिता ने कहा कि बेटी के साथ जो हुआ उसे याद करके पूरा परिवार टूट चुका है. घर में उसकी किताबें, सामान और यादें अब हर दिन उन्हें रुलाती हैं. परिवार ने दोषियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग करते हुए कहा है कि उनकी बेटी तो वापस नहीं आएगी, लेकिन उसे न्याय जरूर मिलना चाहिए. वहीं पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

# उत्तर प्रदेश में महिला चिकित्सक का पति ने किया पर्दाफाश, होटल में मिली आपत्तिजनक स्थिति में

( यंग भारत न्यूज )

**कासगंज।** प्रदेश के कासगंज में एक सरकारी महिला चिकित्सक को उसके पति ने रंगरलियों के दौरान पकड़ा। पति ने अपने परिवार के साथ मिलकर उसे एक होटल के कमरे से दो युवकों के साथ पकड़ लिया। इससे पहले, ये तीनों होटल के बाथरूम में छिपे हुए पाए गए। इस घटना के बाद पति और परिवार ने उनकी पिटाई की, जिससे काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। यह मामला पटियाली थाना क्षेत्र का है, जहां महिला चिकित्सक आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ी गई। वह क्षेत्र के एक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत है। पति ने बताया कि उनका विवाह 2013 में हुआ था और उसकी पत्नी के युवकों के साथ नाजायज संबंध थे। महिला के दोनों प्रेमियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



पति ने कहा कि उसने रिश्ते को बचाने के लिए कई बार पत्नी को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। ससुराल वालों ने भी उसे समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि महिला चिकित्सक पति और ससुराल वालों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती थी। दो साल पहले, वह घर छोड़कर पति से अलग रहने लगी, लेकिन उनका तलाक नहीं हुआ।

# प्रॉपर्टी के लिए बेटे ने मां-बाप और बहन का मर्डर किया; दोस्त ने उसी को मार डाला; प्रयागराज हत्याकांड में खुलासा

( यंग भारत न्यूज )

प्रयागराज के साउथ मलाका इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि परिवार के बेटे ने ही अपने दोस्त के साथ मिलकर माता-पिता और बहन की हत्या की साजिश रची थी।

हालांकि वारदात के बाद जेवरात के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में दोस्त ने बेटे की भी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक हत्याकांड के पीछे करीब डेढ़ करोड़ रुपये के जेवरात और संपत्ति का लालच था। आरोपी बेटे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पहले परिवार के सदस्यों को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। साजिश के तहत माता-पिता और बहन की हत्या कर दी गई। इसके बाद दोनों आरोपी घर में मौजूद कीमती जेवरात और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले। घटनास्थल पर एक तख्ती पर लिखा मिला था, 'बंटी-बबली और बहू ने मारा।' शुरुआत में इसे पुलिस को गुमराह करने और दूसरे परिजनों को फंसाने की कोशिश माना गया। बाद में पूछताछ और साक्ष्यों से खुलासा हुआ कि यह संदेश खुद बेटे ने लिखा था, ताकि शक अपने



दूसरे भाई और परिवार के अन्य सदस्यों पर जाए। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी बेटा और उसका दोस्त जेवरात लेकर एक दुकान पर पहुंचे थे। वहां दोनों के बीच माल के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान दोस्त ने बेटे की भी हत्या कर दी और सारा माल अपने कब्जे में लेने की कोशिश की। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बड़ी मात्रा में जेवरात भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में उसने पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला लालच और विश्वासघात की ऐसी कहानी है, जिसमें संपत्ति के लिए बेटे ने अपने ही परिवार को मौत के घाट उतार दिया, जबकि अंत में उसका साथी भी उसका दुश्मन बन गया। पुलिस आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। आपको बता दें मंगलवार दोपहर घर के भीतर से उठ रही तेज दुर्गंध से इस खौफनाक हत्याकांड की जानकारी हुई। कोतवाली पुलिस ने ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया तो पहली मंजिल पर बुजुर्ग दंपती और उनकी बेटी की लाशें मिलीं, जबकि भूतल की एक दुकान के अंदर से युवक का शव बरामद हुआ। युवक का चेहरा केमिकल से बुरी तरह जलाकर पहचान मिटाने की कोशिश की गई थी। आशंका जताई गई कि युवक मृतक दंपती का बड़ा बेटा हो सकता है। रेलवे डॉट पुल के सामने साउथ मलाका चौराहा स्थित दो मंजिला मकान में 70 वर्षीय वीरेंद्र कुमार वैश्य अपनी पत्नी 65 वर्षीय अनीता, 40 वर्षीय अविवाहित बेटी मीनाक्षी और 38 वर्षीय बेटे अभिषेक के साथ पहली मंजिल पर रहते थे। मकान के भूतल में करीब 14 दुकानें हैं, जिसमें से एक दुकान में बेटी गिफ्ट कॉर्नर और बेटा कलर लैब चलाता था, जबकि बाकी दुकानें किराए पर दी गई हैं।

# पति के सामने ही ससुर के साथ सेक्स करती थी पत्नी! 10 दिन पहले दिया बच्चे को जन्म, फिर बेटे ने जो किया उसे देखकर कांप उठी लोगों की रूह

( यंग भारत न्यूज )

**बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अवैध संबंधों के शक में अपने पिता और पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी।



पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कलंदरगढ़ी गांव के निवासी मोमिन ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से पिता रियाजुद्दीन (54) और पत्नी सना (24) को गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि रियाजुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल सना को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी के हवाले से बताया, मोमिन को शक था कि उसके पिता के पत्नी से अवैध संबंध हैं और इस बात को लेकर पहले भी कई बार कहासुनी हुई थी। पुलिस ने कहा कि परिवार और रिश्तेदारों ने दोनों पक्षों को समझाया भी था, लेकिन रविवार को मोमिन ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से दोनों को गोली मार दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मोमिन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और लाइसेंसी पिस्तौल बरामद कर ली गई है। एसएसपी ने कहा कि फील्ड यूनिट मौके पर पहुंच गई है और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। मोमिन की एक साल पहले शादी हुई थी। करीब 10 दिन पहले ही पत्नी ने बेटे को जन्म दिया था। युवक को लंबे समय से पत्नी और पिता के बीच अवैध संबंधों का शक था। इसी शक में उसने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से ही दोनों की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों के कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक युवक ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और पिता के बीच अवैध संबंधों के शक में दोनों को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आरोपी मोमिन ने अपने पिता रियाजुद्दीन की लाइसेंसी पिस्तौल से दोनों पर गोली चलाई। रियाजुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी सना ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी को लंबे समय से अपने पिता और पत्नी के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी को लेकर परिवार में पहले भी विवाद हो चुके थे। सना की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। बताया गया है कि उसने लगभग 10 दिन पहले ही एक बेटे को जन्म दिया था। पुलिस ने आरोपी मोमिन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वारदात में इस्तेमाल लाइसेंसी पिस्तौल बरामद कर ली गई है और फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।

# समलैंगिक संबंध का वीडियो और ब्लैकमेलिंग... तीन दोस्तों ने नईम को दी दर्दनाक मौत, कमरे में मिली थी लाश

( यंग भारत न्यूज )

**रामपुर।** शहर के चर्चित कैंटीन संचालक नईम हत्याकांड का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। आरोप है कि समलैंगिक संबंधों में नईम की हत्या की गई थी। पुलिस ने नईम के तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया है।




मालूम हो कि बीते 26 मई को कैंटीन संचालक नईम की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने एक कमरे से खून से लथपथ उसका शव बरामद किया था। इस मामले में पुलिस की टीमें हर पहलू पर जांच कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, कैंटीन संचालक नईम की हत्या के पीछे समलैंगिक संबंध, कथित ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि नईम युवकों से समलैंगिक संबंध बनाता था और संबंधों के दौरान वीडियो भी बना लेता था। बाद में इन्हीं वीडियो के आधार पर युवकों पर दबाव बनाकर उनसे रुपये ऐंठने की कोशिश करता था। पुलिस जांच में सामने आया कि नईम की कथित ब्लैकमेलिंग से दानिश, मोहसीम और कासिम का नाम सामने आया। जांच में सामने आया है कि घटना वाले दिन भी नईम ने तीनों युवकों को अपने प्लॉट पर बुलाया था। ब्लैकमेलिंग से छुटकारा पाने के लिए तीनों ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई। ये 26 मई को नईम के प्लॉट पर बने कमरे पर पहुंचे। आरोप है वहां चाकू से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने उसके पास मौजूद नकदी, मोबाइल फोन, चेन और अंगूठी भी लूट ली। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से नईम का मोबाइल भी साथ ले गए।। विवेचना और सर्विलांस जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, रक्तरंजित कपड़े, मृतक का टूटा मोबाइल, लूट की 92 हजार रुपये की रकम तथा अन्य सामान बरामद किया गया। नईम हत्याकांड की जांच में पुलिस की सतर्कता और निष्पक्ष विवेचना ने एक निर्दोष युवक को जेल जाने से बचा लिया। हत्या के बाद मृतक के पिता मुरब्बत हुसैन ने शक के आधार पर बिलारी थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी अफसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। नामजद होने के कारण शुरुआती जांच का केंद्र भी अफसर ही रहा। एसपी सोमेंद्र मीना ने बताया कि पुलिस ने आरोपी अफसर से गहन पूछताछ की और उसके संबंध में मिले हर तथ्य की बारीकी से जांच की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला गया। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस को ऐसे तथ्य मिले, जिन्होंने घटना की दिशा बदल दी। साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस असली आरोपियों तक पहुंच गई और पूरे हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया। इस तरह बेगुनाह अफसर जेल जाने से बच गया। नईम हत्याकांड में गिरफ्तार तीनों आरोपी आपस में घनिष्ठ मित्र बताए जा रहे हैं। पुलिस जांच के अनुसार तीनों युवक बाहर रहकर एक साथ वेल्डिंग का कार्य करते थे। आरोपियों में नगर का दानिश मोहल्ला कादरी, कासिम मोहल्ला गुलाबनगर तथा मोहसीम जटपुरा गांव का निवासी है। अलग-अलग स्थानों के रहने के बावजूद वेल्डिंग कार्य के दौरान तीनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई थी। नईम से भी इनकी गहरी जान पहचान थी। पुलिस के अनुसार इसी दोस्ती के चलते वे लगातार संपर्क में रहते थे। विवेचना में सामने आया कि तीनों ने मिलकर नईम की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया

# विश्व बायसिकिल दिवस पर निकाली साइकिल रैली

- साइकिल एसोसिएशन ऑफ झांसी द्वारा आयोजित रैली में स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों सहित सैंकड़ों प्रतिभागियों ने चलाई साइकिल
- पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं परिवहन के सस्ते विकल्प के लिए साइकिल को अपनाने का का दिया संदेश



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'विश्व साइकिल दिवस' के अवसर पर साइकिल एसोसिएशन ऑफ झांसी द्वारा एक विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट श्री प्रमोद झा, युवा कल्याण अधिकारी श्री शिवराम, क्षेत्रीय खेल अधिकारी श्री करणवीर रहे।

अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने साइकिलिंग को शारीरिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने दैनिक जीवन में साइकिल का उपयोग करने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया। साइकिल एसोसिएशन के सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को प्रदूषण मुक्त परिवहन और फिट इंडिया के प्रति जागरूक करना है। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं और साइकिल प्रेमियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। लकी ड्रा में पहला पुरस्कार – एक शानदार हरक्युलिस साइकिल (Hercules cycle) – प्रियांश द्वारा जीता गया जो प्रकाश साइकिल्स द्वारा प्रायोजित की गई। अन्य पुरस्कारों में ट्रॉली सूटकेस, कलर किट, स्काई बैग व अन्य पुरस्कार दिए गए जिन्हें प्रज्ञा बुक्स व बाल भारती इंटर कॉलेज द्वारा प्रायोजित किया गया। पुरुस्कार पाकर सभी विजेता बेहद उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूशंस दतिया रहे। इस अवसर पर विभिन्न खेलों एवं अभियानों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालों को भी सम्मानित किया गया जिनमें बृजेंद्र यादव, डॉ आदित्य साहू, संजय तिवारी, ज्ञान सिंह गुर्जर शामिल रहे। समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष शांतनु अग्रवाल, अधिवक्ता रोमेश अग्रवाल, रजनीश श्रीवास्तव, सचिन साहू, दीपक, शालिनी मिश्रा, प्रतिक झा, अभिषेक खरे और वसुंधरा मिश्रा ने विजेता को बधाई दी और अन्य प्रतिभागियों का भी उत्साह बढ़ाया।

# चेयरमैन अरूण कुमार मिश्रा ने किया धनुष यज्ञ लीला का उद्घाटन

( यंग भारत न्यूज )



**गरौठा।** ग्राम खड़ौरा में रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ लीला का उद्घाटन गरौठा चेयरमैन डॉ अरुण कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर धर्म अनुष्ठान किये जाते है,वहां देवता निवास करते है।भगवान का स्मरण ही समस्त तापों से मुक्ति दिलाने वाला है।इसलिए भगवान श्री राम के आदर्शों को जीवन मे अपनाएं।

अतिथि स्वागत गनेश तिवारी ने किया। संचालन सुमित पाठक ने किया। इस मौके पर रामेश्वर प्रसाद मिश्रा,प्रधान मनोज यादव,पूर्व प्रधान राम सुमिरन मिश्रा एवं राम प्रिया शरण राजू मुखिया,परशुराम पाठक,दिनेश तिवारी,कुंज बिहारी तिवारी,विवेक चौबे,रूपेश यादव,सुरेन्द्र कुमार शर्मा,भज्जू मिश्रा, शत्रुहन तिवारी,बीरेन्द्र तिवारी,रमाकांत मिश्रा,उदयभान मिश्रा,सरजू शरण पाठक ,मनमोहन शर्मा,मुकुट बिहारी तिवारी,नाथूराम सरपंच, रमेश मिश्रा ,प्रदीप तिवारी,सुभाष मिश्रा,विनोद तिवारी,देशराज, हरिश्चंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# झांसी के लिए गौरव का क्षण : सीए रचित अग्रवाल को आईसीएआई की केंद्रीय समिति में राष्ट्रीय स्तर पर मिला दायित्व

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** झांसी के चार्टर्ड अकाउंटेंसी एवं व्यावसायिक जगत के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि सीए रचित अग्रवाल को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा परिषद वर्ष 2026-27 हेतु 'Financial Markets and Investors Awareness Committee' में Invitee (नामित सदस्य) के रूप में मनोनीत किया गया है।

यह समिति आईसीएआई की एक महत्वपूर्ण केंद्रीय समिति है, जो देशभर में वित्तीय साक्षरता, निवेशक जागरूकता, पूंजी बाजारों की समझ तथा वित्तीय बाज़ारों से संबंधित विषयों पर नीति निर्माण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आईसीएआई के माननीय अध्यक्ष द्वारा जारी नामांकन पत्र में सीए रचित अग्रवाल के अनुभव, विशेषज्ञता एवं वित्तीय क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समिति में आमंत्रित किया गया है। यह दायित्व न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि सम्पूर्ण झांसी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स बिरादरी एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है, क्योंकि अब झांसी की आवाज़ और दृष्टिकोण राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय बाज़ारों एवं निवेशक जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण मंचों तक पहुंचेगा। सीए रचित अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान उनके लिए एक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे समिति के माध्यम से निवेशकों, विद्यार्थियों, युवा उद्यमियों एवं पेशेवरों के लिए वित्तीय जागरूकता को बढ़ाने तथा देश के वित्तीय विकास में सार्थक योगदान देने का प्रयास करेंगे। ज्ञातव्य है कि सीए रचित अग्रवाल एक प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट, लेखक, उद्यमी एवं बिजनेस ग्रोथ सलाहकार हैं। वे विभिन्न राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मंचों पर वित्तीय प्रबंधन, व्यवसायिक विकास, निवेश, उद्यमिता एवं प्रोफेशनल उत्कृष्टता के विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करते रहे हैं। हाल ही में उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के सम्मानों से भी सम्मानित किया गया है। झांसी के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उद्योगपतियों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं तथा इसे झांसी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। 'जब किसी शहर की प्रतिभा राष्ट्रीय मंच पर पहुंचती है, तो वह केवल व्यक्ति की सफलता नहीं होती, बल्कि पूरे क्षेत्र की पहचान बन जाती है।' सीए रचित अग्रवाल का यह नामांकन निश्चित रूप से झांसी को राष्ट्रीय वित्तीय परिदृश्य पर और अधिक सशक्त पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आपका एक कदम, झांसी को बना सकता है प्लास्टिक कचरा मुक्त

## -आइये, प्लास्टिक को कचरा बनने से रोकें

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर जिला जनकल्याण महासमिति, झांसी एवं जे के टी नेचर केयर, झांसी द्वारा एक अनूठे जनजागरूकता अभियान 'जन-जन प्लास्टिक संग्रह अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य घरों, मोहल्लों एवं आसपास फैली अनुपयोगी प्लास्टिक सामग्री को खुले वातावरण, नालों, जल स्रोतों एवं धरती में जाने से रोकते हुए उसे सुरक्षित संग्रहण एवं रिसाइक्लिंग की दिशा में भेजना है। कार्यक्रम संयोजक संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष डा जितेन्द्र कुमार तिवारी के मुख्य संयोजन में आज हुई बैठक में डा तिवारी ने कहा कि संस्था द्वारा इस अभियान के माध्यम से प्लास्टिक को कचरा बनने से रोकने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने घरों से पॉलीथिन, पानी की खाली बोतलें, प्लास्टिक डिब्बे, पुराने खिलौने, टूटी बाल्टियां, मग, स्टूल, कुर्सियां, पेंट के डिब्बे एवं अन्य अनुपयोगी प्लास्टिक सामग्री कार्यक्रम स्थल पर जमा कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि अभियान से जुड़ने वाले जागरूक नागरिकों को सार्वजनिक रूप से 'पर्यावरण मित्र – प्रकृति प्रेमी सम्मान' से सम्मानित भी किया जाएगा। संस्था का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के पास अधिक मात्रा में प्लास्टिक उपलब्ध नहीं है, तो भी वह जितनी भी प्लास्टिक सामग्री हो, उसे लेकर इस अभियान का हिस्सा बन सकता है। संस्था के अनुसार 'एक खाली प्लास्टिक बोतल भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।'

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम 'Climate Action' को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लोगों को जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण एवं जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करेगा। संस्था का उद्देश्य केवल प्लास्टिक संग्रह करना नहीं, बल्कि समाज में यह संदेश देना है कि यदि प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे तो शहर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। संस्था ने झांसीवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जनहितकारी अभियान से जुड़ें और अपने जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जनआंदोलन बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर विनीता मिश्रा , सुमन साहू, दीप्ति सोनी, रचना शर्मा, कुसुम साहू,एम सी गौतम, रामनारायण शर्मा,आर एन उपाध्याय, हृदय नारायण शर्मा,अजय तिवारी, बद्री प्रसाद नायक, प्रभात यादव,एम एल दुबे,आर एन गोस्वामी, धर्मेंद्र कारलेकर, आदि उपस्थित रहे।

# कबड्डी समर कैंप सीजन-7 का हुआ शुभारंभ, 81बालक-बालिकाएं ले रहे हैं प्रशिक्षण




( यंग भारत न्यूज )

**बांदा,** 1 जून 2026 से उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन से संबद्ध जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कबड्डी समर कैंप सीजन-7 का जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना, कब्बडी कोच/सचिव कमल सिंह यादव एवं भूत पूर्व सैनिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

1 जून से 15 जून तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 81 बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग कर रहे हैं, जो अब तक के सभी समर कैंपों में सर्वाधिक संख्या है। इस शिविर में 7 वर्ष आयु वर्ग से लेकर सब-जूनियर नेशनल एवं सीनियर नेशनल स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हैं। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री रोड रनिंग में भाग लिया दौड़ का मार्ग जे.एन. कॉलेज से प्रारंभ होकर बिजली खेड़ा, कालूकुआं, बाबूलाल चौराहा, खूंटी चौराहा, अतर्रा चुंगी, नरैनी रोड, मेडिकल कॉलेज तक रहा तथा वापसी में इसी मार्ग से होते हुए जे.एन. कॉलेज कबड्डी ग्राउंड पर समाप्त हुआ। क्रॉस कॉन्ट्री के उपरांत सभी खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया, जिसमें काजू, किशमिश, बादाम, मखाना, पिस्ता युक्त दूध, दलिया, ब्रेड-मक्खन, केले, चना, सोयाबीन, मूंगफली, मूंग एवं सलाद शामिल रहे। जिला कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 15 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में खिलाड़ियों को कबड्डी की तकनीकी बारीकियों के साथ-साथ अन्य खेल गतिविधियों एवं मनोरंजक कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाएगा। ये कैंप बांदा सहित महोबा एवं चित्रकूट जनपद में भी किए जायेंगे।समर कैंप अपने सातवें सीजन में पहुंच चुका है और यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लगभग एक दर्जन खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं। खिलाड़ियों के लिए यह शिविर विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यहां उन्हें पूरे वर्ष उपयोगी नई तकनीकों एवं खेल कौशल को सीखने का अवसर प्राप्त होता है। इस कारण बच्चों को हर वर्ष इस समर कैंप का बेसब्री से इंतजार रहता है। उद्घाटन समारोह में जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना, सचिव कमल सिंह यादव सहित अनेक खेल प्रेमी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सिविल लाइन्स क्षेत्र में सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु मण्डलायुक्त को दिया प्रार्थना पत्र

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी** ।सविनय निवेदन है कि मैं यश राय (मोबाइल: 8299114681) झांसी का निवासी हूँ। सिविल लाइन्स क्षेत्र में एक दुकान/ठेला संचालक द्वारा दुकान की निर्धारित सीमा से लगभग 10 फीट बाहर तक सड़क एवं फुटपाथ पर ठेला, काउंटर, खाद्य सामग्री एवं अन्य सामान रखकर अवैध अतिक्रमण किया गया है।

इस अतिक्रमण के कारण राहगीरों एवं वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। यह दुकान मुख्य सड़क के किनारे स्थित होने के कारण यातायात प्रभावित होता है तथा दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। संलग्न फोटोग्राफ में अतिक्रमण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि उक्त स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने की कृपा करें, जिससे आम जनता को होने वाली असुविधा समाप्त हो सके।

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दें-प्रिंसी अरजरिया

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम खड़ौरा में संगीतमय श्रीमद्भागवत के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए साध्वी प्रिंसी अरजरिया ने कहा कि माता पिता बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार अवश्य दें,जिससे वह सद्मार्ग पर चल सकें। कथा व्यास ने कहा कि भगवान का ध्यान लगाने के लिए आसान को जीतें।इसके बाद संगति अच्छी होनी चाहिए ,क्योंकि जैसी संगति होगी वैसे ही विचार मन मे आएंगे।पूरक कुंभक एवं रेचक विधि से भगवान का ध्यान करें।

कथा का पूजन पं राजू नायक ने किया। कथा की आरती परीक्षित श्रीमती नीलम राहुल नायक ने की। भागवत का मूल पाठ पं रिंकू अरजरिया ने किया। स्वागत गणेश तिवारी ने किया। इस मौके पर ओमप्रकाश मिश्रा,महेश तिवारी,कन्हैया लाल मिश्रा,परशुराम पाठक,नाथूराम सरपंच, भानुप्रताप लंबरदार,ओमनारायण मिश्रा,पन्नालाल मिश्रा,कुंजबिहारी तिवारी,देश राज चौबे ,मनमोहन शर्मा,बीरेन्द्र तिवारी,पंकज तिवारी,परमेश्वर दयाल तिवारी,शक्तिशरण मिश्रा सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718